दिनांकः 12.03.2025 समय : 18.30 पीएम

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने विधानसभा में कहा–सरकार का ईज़ ऑफ डूइंग बिज़नेस पर विशेष ध्यान–निवेश और रोज़गार से प्रदेश की तरक्की होगी।
- जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने कहा–राज्य में विलुप्त नदियों को संरक्षित करने और पुनरुर्द्धार करने की दिशा में प्रभावी काम किया जा रहा है।
- प्रदेशभर में होलिका दहन की तैयारियां–राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने होली पर्व की शुभकामनाएं दीं।
- प्रदेश में कल से मौसम में बदलाव की संभावना–हनुमानगढ़, जोधपुर और नागौर सहित कुछ स्थानों पर हल्की बारिश के आसार।

………………

विधानसभा में राजस्थान वित्त और विनियोग विधेयक 2025 पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2025–26 में जीडीपी 230 बिलीयन डॉलर होने का अनुमान है। श्री शर्मा ने विश्वास जताया कि राज्य सरकार सभी विकास लक्ष्यों को समय पर प्राप्त कर लेगी। उन्होंने कहा कि सरकार निवेश पर विशेष ध्यान दे रही है। निवेश से रोजगार बढेंगे और रोजगार से प्रदेश की तरक्की होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राइजिंग राजस्थान इंवेस्टमेंट समिट में 35 लाख करोड़ रुपये के एमओयू हुए हैं। उनमें से मार्च के अंत तक 3 लाख करोड़ रूपये से अधिक के एमओयू धरातल पर उतर जाएंगे।

………………

सदन में जीएसटी संशोधन विधेयक, भरतपुर विकास प्राधिकरण और बीकानेर विकास प्राधिकरण विधेयक रखे गए।

राजस्थान वित्त और विनियोग विधेयक 2025 पर हुई चर्चा में भाग लेते हुए नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि राज्य सरकार ने पिछले बजट की कई घोषणाओं पर कोई काम नहीं किया है। उन्होंने वर्तमान सरकार पर पिछली कांग्रेस सरकार की कई योजनाओं को बंद करने का आरोप लगाया। इस पर नेता प्रतिपक्ष और मंत्रियों के बीच तीखी बहस हुई। हंगामे के बाद कांग्रेस सदस्यों ने वॉक आउट किया। हालांकि सरकार ने तीनों बिल पारित कर दिए। मीडिया से बातचीत में श्री जूली ने बिना चर्चा के ही सरकार पर जल्दबाजी में विधेयक पारित करने का आरोप लगाया।

………………

संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने कांग्रेस पर विकास कार्यों में बाधा डालने का आरोप लगाया और कहा कि पार्टी केवल वॉकआउट का बहाना ढूंढ रही है।

………………

उपमुख्यमंत्री और उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेम चन्द बैरवा ने विधानसभा में बताया कि पात्र युवा देश–विदेश के अच्छे शिक्षण संस्थानों से शिक्षा प्राप्त कर सकें। इसके लिए **स्वामी विवेकानंद स्कॉलरशिप फॉर एकेडमिक एक्सीलेन्स योजना** में आंशिक संशोधन कर इसे और अधिक बेहतर किया गया है। डॉ. बैरवा ने कहा कि राज्य सरकार इस योजना के लिए युवाओं को विभिन्न माध्यमों से जागरूक कर रही है। उन्होंने ये भी स्पष्ट किया कि इस योजना के तहत पात्र युवाओं को समय पर छात्रवृति का भुगतान किया गया है।

उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024–2025 में 365 अभ्यर्थियों को योजना का लाभ दिया गया। इसमें से 308 विदेश में तथा 57 देश में शिक्षा के लिए लाभान्वित हैं। उन्होंने बताया कि योजना के तहत वितीय वर्ष 2024–25 में अब तक 106 करोड़ रूपये से अधिक का भुगतान किया गया है।

-------------------

जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने विधानसभा में कहा कि प्रदेश में विलुप्त नदियों को संरक्षित करने की दिशा में प्रभावी काम किया जा रहा है। करौली जिले की भद्रावती नदी का पुनरुद्धार करवाया जा रहा है। राज्य सरकार की ओर से रूपारेल, साबी और जोजरी नदियों को पुनर्जीवित किये जाने के लिए मंजूरी जारी की जा चुकी है।

उन्होंने बताया कि उदयपुर संभाग की बनास, गोमती, बेड़च, गंभीरी, आहड़, सोम और जाखड़ नदियों के संरक्षण के लिए भी संसाधन उपलब्ध करवाने की कार्यवाही की जा रही है।

-------------------

देश के दुग्ध उत्पादन में पिछले 10 सालों में साढे 63 प्रतिशत की बढोतरी हुई है। ये 23 करोड 90 लाख टन से अधिक हो गया है। मत्स्य, पशुपालन और डेयरी मंत्री राजीव रंजन सिंह ने आज राज्यसभा में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 तक देश का दुग्ध उत्पादन 14 करोड 60 लाख टन से अधिक था। श्री सिंह ने कहा कि दुनिया में भारत सबसे बड़ा दुग्ध उत्पादक देश है।

-------------------

प्रदेशभर में होली पर्व की धूम शुरू हो चुकी है। होलिका दहन कल किया जाएगा। अगले दिन धुलंडी मनाई जाएगी। मंदिरों में होली की विशेष झांकियां सजाई गई हैं। वहीं विभिन्न स्थानों पर बाजारों में मिठाईयों के साथ ही रंग, अबीर और गुलाल की दुकानें सजी हुई हैं। अलग–अलग तरह की पिचकारियां भी बच्चों के आकर्षण का केन्द्र बनी हुई है। कोटा से हमारे संवाददाता ने बताया कि होलिका दहन की व्यापक तैयारियां की जा रही हैं।

-------------------

होली के मद्देनजर प्रदेशभर में सुरक्षा के विशेष इंतजाम किये गए हैं। पुलिस महानिदेशक उत्कल रंजन साहू ने पुलिस अधिकारियों और जवानों से अतिरिक्त सतर्कता बरतने के निर्देश दिये हैं।
राजधानी जयपुर में अभय कमांड सेंटर से पूरे शहर की निगरानी रखी जाएगी। ड्रोन कैमरों की मदद से भी स्थिति पर नजर रखी जाएगी।

होली के त्यौहार पर खाद्य सुरक्षा विभाग की टीमें मुस्तैदी के साथ मिलावटी खाद्य पदार्थों के खिलाफ कार्रवाई कर रही हैं। पाली में सुमेरपुर और सोजत से आज साढे चार हजार लीटर मिलावटी घी और तेल जब्त किया गया।

राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने रंगो के पर्व होली और धुलण्डी की बधाई दी है। अपने शुभकामना संदेश में उन्होंने कहा कि होली रंगों के जरिए उमंग और उत्साह को प्रकट करने के साथ परस्पर सद्भाव से रहने की प्रेरणा देने वाला पर्व है। श्री बागडे ने राग–रंग–संग उल्लास के इस पर्व पर सभी के लिए मंगल की कामना की है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी प्रदेशवासियों को होली और धुलंडी के पर्व पर शुभकामनाएं दी हैं। अपने बधाई संदेश में श्री शर्मा ने कहा कि रंगों और खुशियों से भरा यह पर्व आपसी भाईचारा और सद्भाव बढ़ाने की सीख देता है। मुख्यमंत्री ने सामाजिक समरसता के साथ ये त्यौहार मनाने का आह्वान किया है।

.....................

डूंगरपुर के बिछीवाड़ा इलाके में आज एक निजी बस खड़े ट्रक से टकरा गई। हादसे में दो बस यात्रियों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया और छह यात्री घायल हो गए। बिछीवाड़ा थानाधिकारी कैलाश सोनी ने बताया कि घायलों को डूंगरपुर के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दुर्घटना दिल्ली–मुंबई नेशनल हाईवे–48 पर हुई। उन्होंने बताया कि बस राजकोट से बहराइच जा रही थी।

.....................

भीलवाडा जिले के मांडलगढ क्षेत्र के जंगल में भीषण आग लगने के समाचार हैं। इसके कारण सौ हेक्टेयर क्षेत्र से अधिक की वनभूमि में पेड़ पौधे जलकर नष्ट हो गए। वन विभाग की टीम आग पर काबू पाने में जुटी है। जिला वन अधिकारी गौरव गर्ग ने बताया कि आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। आग से हुए नुकसान के आकलन के लिए समिति गठित की गई है।

.....................

प्रदेश में कल से मौसम में बदलाव की संभावना है। मौसम विभाग ने पश्चिमी विक्षोभ के असर से कल हनुमानगढ, चूरू, जोधपुर, नागौर, स्थानों पर बारिश के आसार जताए हैं। इसे लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। हालांकि इस दौरान कई जिलों में तेज गर्मी का असर रहेगा। प्रदेश में इस बार मार्च के दूसरे सप्ताह से ही गर्मी का असर बढ़ने लगा है। बाड़मेर और जालोर जिलों में लगातार दूसरे दिन आज पारा 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर बना हुआ है।

जोधपुर, चित्तौड़गढ़, सिरोही, डूंगरपुर और पाली में भी तेज गर्मी रही। बीते 24 घंटों में इन जिलों में भी अधिकतम तापमान करीब 39 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। राजधानी जयपुर, बारां, धौलपुर, कोटा, झुंझुनूं, अलवर और अजमेर सहित अन्य कई स्थानों पर दिन के तापमान में 3 डिग्री सेल्सियस तक की बढोतरी मापी गई है।

.....................

राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने सरकार की कल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन पर ज़ोर दिया है। उन्होंने कहा कि सभी स्तरों पर ये सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि पात्र व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ समय पर मिले। राज्यपाल ने आज दौसा कलक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की।

श्री बागड़े ने कहा कि राष्ट्र और समाज की प्रगति के लिए शिक्षा बहुत महत्वपूर्ण है। हर वर्ग के बालक–बालिकाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलनी चाहिए। उन्होंने चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग से जिले में कुपोषित बच्चों की जानकारी लेने और हर बच्चे को पोषण युक्त आहार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। राज्यपाल ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन और छात्रवृत्ति योजनाओं की राशि का समय पर भुगतान करने को कहा।

ग्रामीण विकास और पंचायत राज विभाग की योजनाओं की समीक्षा करते हुए राज्यपाल ने कहा कि गांवों में साफ–सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए और सभी घरों में शौचालय अनिवार्य रूप से बनाए जाएं। उन्होंने मनरेगा के माध्यम से गांवों में अच्छे खेल मैदानों की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए।
राजीविका गतिविधियों की समीक्षा करते हुए श्री बागड़े ने स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं के उत्पादों की बेहतर मार्केटिंग करने को कहा।

.....................